SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL

Birla Knowledge City, Mahilong, Ranchi
CLASS-V (2020-21)
Sub: HINDI
Assignment-3

बोलते समय हमारे मुख से ध्वनियाँ निकलती है , इन ध्वनियों का लिखित रूप वर्ण कहलाता है | वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है इसके टुकड़े नहीं किए जा सकते | वर्ण को अक्षर भी कहा जाता है |

वर्णों के व्यवस्थित रूप को वर्णमाला कहते हैं |

वर्णों के दो भेद हैं ; 1॰ स्वर 2॰ व्यंजन

1॰ स्वर – स्वरों का उच्चारण स्वतंत्र रूप से किया जाता है | हिन्दी भाषा में इनकी संख्या ग्यारह (11) हैं अ से औ तक |

*॰ स्वर के तीन भेद होते हैं ;-

1॰ ह्रस्व स्वर

2॰ दीर्घ स्वर

3॰ प्लुत स्वर

2॰ व्यंजन -व्यंजन स्वतंत्र रूप से नहीं बोले जाते | इन्हें बोलने के लिए स्वरों की सहायता लेनी पड़ती है | हिन्दी भाषा में मूल रूप से इसकी संख्या तैंतीस (33) हैं | 'क' से 'म' तक 25 स्पर्श व्यंजन कहलाते हैं | य , र , ल , व अन्तः स्थ व्यंजन कहलाते हैं |

संयुक्त व्यंजन – एक से अधिक व्यंजनों के मेल से बने व्यंजन संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं | हिन्दी भाषा में चार (4) संयुक्त व्यंजन हैं | जैसे – क्ष , त्र , ज्ञ , श्र

क् + ष = क्ष त् + र = त्र ज् + ञ = ज्ञ श् + र = श्र

द्वित्व व्यंजन – दो समान या एक जैसे व्यंजनों से मिलकर बने व्यंजन द्वित्व व्यंजन कहलाते हैं | जैसे – क् + क = क्क , च् + च = च्च

संयुक्ताक्षर – दो अलग –अलग व्यंजनों के मिलने से बने अक्षर संयुक्ताक्षर कहलाते हैं । जैसे – क् + ख =क्ख , ग् + य = ग्य , क् + य = क्य

वर्ण विच्छेद - विच्छेद का अर्थ है अलग करना | शब्द के प्रत्येक वर्ण को अलग करना वर्ण विच्छेद कहलाता है

कुछ खास बातें –

अनुस्वार - इसका उच्चारण नाक से होता है | जैसे - घंटी , पतंग आदि

अनुनासिक - इसका उच्चारण नाक और गले दोनों से होता है | जैसे – चाँद , छाँव आदि |

विसर्ग - इसका उच्चारण ह की तरह होता है | इसका प्रयोग मुख्य रूप से संस्कृत शब्दों में किया जाता है | जैसे – नमः , अतः आदि

अभ्यास कार्य –

1॰ वर्णों के कितने भेद हैं ? नाम लिखें |

2॰ संयुक्त व्यंजन किसे कहते हैं ? उदाहरण के साथ लिखें |

3॰ वर्णमाला कैसे बनती है ?